आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरा होने और महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर 'महाकवि कालिदास राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026' का आयोजन किया जाएगा।

2. मन की बात कार्यक्रम के लिए सुझाव 24 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे।

3. युवा मामले और खेल मंत्रालय ने मेरा युवा भारत के माध्यम से राष्ट्रव्यापी 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत' अभियान के अगले चरण का शुभारंभ किया है।

4. विद्यार्थी विज्ञान मंथन प्रतिभा खोज परीक्षा के लिए 30 सितम्बर तक आवेदन मांगे गए हैं।

<><><><><><><><>

राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में और महाकवि कालिदास जयंती के अवसर पर, संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली द्वारा 'महाकवि कालिदास राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 'युवा रंगमंच से राष्ट्र जागरण' विषय के तहत, शिक्षा विभाग, के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, दो अलग–अलग स्कूलों के छात्र 15 जुलाई शाम 6 बजे द्वीपसमूह के दो अलग–अलग स्थानों पर 20–20 मिनट की दो नाट्य प्रस्तुतियां देंगे। नबा कुमार धर द्वारा निर्देशित कालापानी – सेलुलर जेल की पुकार गर्ल्स स्कूल के सभागार में तथा अरूप कुमार रॉय द्वारा निर्देशित नेताजी – आज़ादी का ज्वालामुखी नाटक की प्रस्तुति मॉडल स्कूल के सभागार में आयोजित होगी। विभाग ने सभी को इस महोत्सव में आमंत्रित किया है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 जुलाई को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 136वीं कड़ी होगी। टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर कार्यक्रम के लिए आप अपने विचार और सुझाव भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप या मायगव ओपन फोरम के माध्यम से भी ऑनलाइन अपने सुझाव दे सकते हैं। 1922 पर मिस्ड कॉल देकर और एसएमएस में प्राप्त लिंक का अनुसरण करके आप सीधे प्रधानमंत्री को अपने सुझाव भेज सकते हैं। आगामी कड़ी के लिए सुझाव 24 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे।

<><><><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन 'संपर्क से समाधान – प्रशासन गांवों की ओर' के तहत, जिला उपायुक्त सुशांत पाधा ने डिगलीपुर तहसील के अंतर्गत सुभाषग्राम, सीतानगर, किशोरीनगर और पश्चिमसागर गांवों में ग्रामीण आउटरीच कार्यक्रम और जन सुनवाई का आयोजन किया। जिला उपायुक्त ने पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों और विभिन्न विभागों के साथ क्षेत्र का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने हाल ही में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं की उपलब्धता का जायजा लिया। जिला उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को जनता की शिकायतों का तुरंत समाधान करने और ग्रामीणों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रभावी फॉलो–अप कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाने चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं हर पात्र लाभार्थी तक पहुंचें। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शिकायतों का समय पर निवारण करना, विकास कार्यों की बारीकी से निगरानी करना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी कार्यक्रमों का लाभ मध्योत्तर अंडमान जिले के सबसे दूरस्थ गांवों तक भी पहुंचे।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए जुलाई माह में विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम 4 बजे तक लगेंगे। दक्षिण अंडमान के विवेकानंदपुर में 17, मध्योत्तर अंडमान के बसंतीपुर में 16 और 17 जुलाई तथा कच्छाल में 15 से 22 जुलाई तक शिविर लगेगा। विभाग ने लोगों से इस सेवा का लाभ उठाने को कहा है।

<><><><><><><>

युवा मामले और खेल मंत्रालय ने मेरा युवा भारत के माध्यम से राष्ट्रव्यापी 'नशा मुक्त युवा विकसित भारत' अभियान के अगले चरण का शुभारंभ किया है। इसके अंतर्गत प्रतियोगिताएं तीन चरणों –जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होगी। मंत्रालय के अनुसार पंजीकरण आज से माय भारत पोर्टल पर शुरू हो रहा है। जिला स्तर के विजेता राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा करेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को 12 और 13 अगस्त को राष्ट्रीय युवा शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली आमंत्रित किया जाएगा। माय भारत पांच रचनात्मक श्रेणियों – नृत्य, संगीत, रील और लघु फिल्म, नुक्कड़ नाटक और स्लैम कविता – में

प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा। प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष आयु के युवा भाग ले सकते हैं, जिन्हें अपनी रचनाएं हिंदी, अंग्रेजी या किसी भी क्षेत्रीय भाषा में प्रस्तुत करनी होंगी।

<><><><><><>

नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम, कोलकाता ने कक्षा 6वीं से 11वीं तक के स्कूली छात्रों के लिए विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2026–27 आयोजित करने के लिए एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय और विज्ञान भारती के साथ साझेदारी की है। इस सिलसिले में विज्ञान केन्द्र VVM के राज्य समन्वयक के सहयोग से श्री विजयपुरम में इस कार्यक्रम का आयोजन करेगा। यह प्रतिभा खोज परीक्षा अंग्रेजी और हिंदी के साथ–साथ 12 प्रमुख क्षेत्रीय भारतीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। इसे डिजिटल उपकरणों जैसे मोबाइल फोन, टैबलेट, लैपटॉप या डेस्कटॉप के उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है। इसमें भाग लेने वाले राष्ट्रीय स्तर के सभी विजेताओं को 'भास्कर छात्रवृत्ति' प्रदान की जाएगी। इच्छुक छात्र इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए vvm.org.in के माध्यम से 30 सितम्बर तक व्यक्तिगत रूप से या अपने स्कूल के माध्यम से अपना नाम पंजीकृत करा सकते हैं। इसके अलावा, छात्र किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच विज्ञान केन्द्र में स्थापित 'हेल्प डेस्क' से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी को पत्र लिखकर हाल ही में हुई राज्य परिवहन सेवा बस दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए तत्काल चिकित्सा और वित्तीय सहायता की मांग की है। इसके साथ ही, उन्होंने प्रशासन से एक व्यापक 'एसटीएस यात्री दुर्घटना राहत, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा नीति' तैयार करने का आग्रह किया है। सांसद ने अपने पत्र में हाल ही में हुए दो बस दुर्घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि पीड़ितों की मदद के लिए एक स्थायी व्यवस्था होना जरूरी है। उन्होंने सभी घायल यात्रियों को दवाएं, सर्जरी, टेस्ट और पुनर्वास सहित पूरी तरह से कैशलेस चिकित्सा उपचार दिए जाने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

झारखंड में आयोजित नेशनल अंडर–9 चेस चैंपियनशिप में चार युवा शतरंज खिलाड़ियों ने द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व किया। इस चैंपियनशिप में देश भर से लगभग 430 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सॉ जिनसन सैमुअल द्वीपसमूह के सबसे शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने 11 राउंड में से 7.5 अंक का

स्कोर बनाकर चैंपियनशिप के टॉप 20 खिलाड़ियों में अपनी जगह पक्की की। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें 4 हजार रूपये का नकद पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**<><><><><><><>**